# ठंड के चलते स्कूलों के समय में बदलावः नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाएं अब सुबह 9 बजे से

## तापमान में गिरावट को देखते हुए कलेक्टर ने जारी किए आदेश; 18 नवंबर से लागू होगा नया समय



**सतना।** जैसे-जैसे ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है,जिला प्रशासन ने छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार,शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.7डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया,जो ठंड में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाता है। इस बढ़ती ठंड और तापमान में गिरावट के कारण, जिलाधिकारी एवं कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। यह आदेश 18 नवंबर से जिले के सभी सरकारी,गैर-सरकारी,केंद्रीय विद्यालय,जवाहर नवोदय विद्यालय, आईसीएसई,सीबीएसई और अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा।

### क्या है नया समय?

नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक की सभी सुबह संचालित होने वाली कक्षाएं अब सुबह 9 बजे से पहले शुरू नहीं होंगी। वर्तमान में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षाओं को उनके निर्धारित समय पर ही संचालित करने का निर्देश दिया गया है। कलेक्टर ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि तापमान में गिरावट से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। यह आदेश नर्सरी से 8वीं तक के सभी विद्यार्थियों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है,ताकि उन्हें सुबह की कड़ाके की ठंड से बचाया जा सके। यह परिवर्तन छात्रों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है,जिससे वे अब अधिक आरामदायक समय पर स्कूल पहुंच सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### मैहर में 2 करोड़ 30 लाख की लागत से बनेंगे नए सामुदायिक भवन

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए बड़ी सौगात दी है। विधायक ने ग्राम पंचायतों की मांग पर दो करोड़ तीस लाख रुपए की लागत से नए सामुदायिक भवन स्वीकृत किए हैं। जिन ग्राम पंचायतों में ये भवन स्वीकृत हुए हैं,उनमें डांडी, तिघरा खुर्द,दुबेही, धनवाही,नरौरा,पलोहा,मझगवा,रोह निया खुर्द,लुढ़ाओंती और हरदासपुर शामिल हैं। इस विकास कार्य के लिए स्थानीय लोगों और सरपंचों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### गुरुकुल अकादमी द्वारा होनहार छात्र ओम अग्रवाल माता-पिता सहित सम्मानित

**मैहर।** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था 'गुरुकुल अकादमी'द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान 10वीं बोर्ड में सतना एवं मैहर जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्र ओम अग्रवाल को सम्मानित किया गया।ओम अग्रवाल को सम्मान पत्र,मोमेंटो तथा 5000 नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। पूज्य गुरुदेव सीतावल्लभ शरण जू महाराज एवं मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के शुभ हाथों से यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर ओम अग्रवाल के माता-पिता अखिलेश-भाविका अग्रवाल का भी शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गीता-संतोष सोनी, कमलेश सुहाने, डॉ.कैलाश जैन,एड.दिलीप त्रिपाठी, विश्वनाथ चौरसिया(गुड्डू भैया), सूर्यकांत चौरसिया,राजा पांडेय, पारस तिवारी, जीतू शुक्ला एवं नगर के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। मैहर अग्रवाल समाज से बी.एल. अग्रवाल,श्रीमती सुनीता अग्रवाल,आर.के.अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल एवं प्रकाश अग्रवाल की भी उपस्थिति रही।

# बगदरा घाटी में तेज रफ्तार खाली ट्रक पहाड़ से टकराया




**सतना।** सतना से चित्रकूट की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार खाली ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सामने आई है। यह हादसा चित्रकूट-बगदरा घाटी में हुआ,जहां एक मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर पहाड़ से टकरा गया। यह घटना सुबह तकरीबन साढ़े चार बजे के आसपास की बताई जा रही है। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का चालक ट्रक के अंदर ही फंस गया। सूचना मिलते ही,तैनात पुलिस अधिकारी जयसिंह बागरी और चालक रामप्रसन्न दहिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए,फंसे हुए घायल चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।घायल चालक को तुरंत जानकीकुंड अस्पताल में भर्ती करवाया गया है,जहां उसका इलाज जारी है।

# मोटर पंप चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार,12 मोटर पंप जब्त

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के सख्त निर्देशन पर,कोठी थाना पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ सक्रिय कार्रवाई की है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे,और एस डी ओपी नागौद,रघु केशरी के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी कोठी,प्रशिक्षु आशुतोष त्यागी और उनकी टीम ने एक अंतर्राज्यीय मोटर पंप चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



फरियादी राघवेंद्र सिंह,पिता मुन्ना सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम गोइया,थाना कोठी,जिला सतना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोइया हार में उनके कुएं (इनाम) से सिंचाई के लिए लगा मोटर पंप और पास में ही रतन यादव के खेत में लगा मोटर पंप चोरी हो गया था। रिपोर्ट के आधार पर,धारा 303(2) भा. न्या. सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर संदिग्धों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई,जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए 12 नग मोटर पंप चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सभी 12 नग मोटर पंप बरामद किए। सभी आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोठी थाना पुलिस की इस सक्रिय कार्रवाई से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को बड़ी राहत मिली है।

### बालक अंडर-18 क्रिकेट खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल 16 नवंबर को मैहर में

**मैहर।** रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली बालक अंडर-18 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मैहर टीम का चयन किया जाना है। रविवार,16 नवंबर को सुबह 10:00 बजे मैहर क्रिकेट स्टेडियम चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी,खिलाड़ी का जन्म 01 सितंबर 2007 के बाद होना चाहिए।




# 1000 से अधिक की अवैध नशीली दवा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा ज़ोन गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत,नागौद पुलिस ने अवैध नशीली दवा (कैप्सूल) की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गोपाल टोला नागौद निवासी अलताफ उर्फ अन्टू मिडवे ट्रीट के सामने पन्ना रोड नागौद में अवैध नशीली कैप्सूल बेचने के लिए खड़ा है। सूचना के आधार पर,टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी।मौके से मोहम्मद अलताफ उर्फ अन्टू पिता अब्दुल मजीद उम्र करीब 33 वर्ष,निवासी गोपाल टोला,नागौद को पकड़ा गया। आरोपी की तलाशी लेने पर,उसके लोवर की जेब और पास के चबूतरे के नीचे रखी एक पन्नी से कुल 155 नग नशीली कैप्सूल बरामद हुईं,जिनकी अनुमानित कीमत 1007 .50/- है। आरोपी दवा से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इस कृत्य पर आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# अवैध नशीली कफ सिरप बेचने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

सतना। सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीली कफ सिरप बेचने का आरोप में एक युवकों के गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में अवैध नशीली पदार्थो की बिक्री करने वाले आरोपी पर बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गुड्डू चौधरी निवासी बजरहा टोला,गौशाला चौक के पास रामना टोला जाने वाली गली में नशीली कफ सिरप लेकर खड़ा है।



सूचना मिलते ही,वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके दिशा-निर्देशन में कोतवाली पुलिस की एक टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस टीम ने दो स्वतंत्र साक्षियों के साथ गौशाला चौक,रामना टोला वाली गली में घेराबंदी की। मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भागने लगा,जिसे पुलिस टीम ने तुरंत धर दबोचा। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम गुड्डू चौधरी उर्फ मनराज पिता पुरुषोत्तम चौधरी,उम्र 30 वर्ष,निवासी बजरहा टोला,थाना सिटी कोतवाली,जिला सतना बताया। उसके हाथ में मौजूद झोले की तलाशी लेने पर,उसके अंदर 16 नग आनरेक्स कंपनी की नशीली कफ सिरप मिली। आरोपी गुड्डू चौधरी उर्फ मनराज वैध बिक्री दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के कब्जे से कुल 16 नग अवैध नशीली कफ सिरप,जिसकी अनुमानित कीमत 6,300 रुपये है,जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

# बिहार चुनाव परिणाम पर मैहर में निकाला जुलूस

**मैहर।** बिहार चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद मैहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला अध्यक्ष कमले, सुहाने तथा सैकड़ों की तादाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालकर खुशी जताई। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े,मिठाई बांटी और प्रदेश एवं राष्ट्र में पार्टी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता पर हर्ष व्यक्त किया। पूरे शहर में उत्सवी माहौल बना रहा और भाजपा समर्थकों ने लोकतंत्र की इस जीत को जनता की जीत बताया। इस अवसर पर विकास तिवारी, कुलदीप तिवारी, रवि सराफ, सूर्य प्रकाश चौरसिया,दिलीप त्रिपाठी,मनी चौरसिया,प्रिंस शर्मा,पारसनाथ तिवारी सहित काफी संख्या में महिला मोर्चे की सदस्य भी मौजूद रहीं।



# एरणाकुलम से बरौनी के लिए वन-वे स्पेशल ट्रेन का संचालन




### इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी

**सतना।** रेलवे द्वारा यात्रियों की बढ़ती मांग और अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए,एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह 'वन-वे स्पेशल ट्रेन' गाड़ी संख्या 06195 एरणाकुलम जंक्शन (दक्षिण) से बरौनी जंक्शन के लिए 01 ट्रिप के लिए चलाई जाएगी। यह एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 15 नवंबर 2025 को एरणाकुलम जंक्शन से सायं 16 बजे प्रस्थान करेगी।यह दक्षिण रेलवे से प्रारंभ होकर पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

**ठहराव और स्टेशन का नाम आगमन का समयः** इटारसी जंक्शन 05:40 बजेजबलपुर 09:50 बजेकटनी 12:00 बजेसतना 13:30 बजे। यह ट्रेन अपनी यात्रा पूरी कर 18 नवंबर 2025 को सुबह 07:00 बजे बरौनी जंक्शन पहुँचेगी।यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जंक्शन, पोत्तनूर जंक्शन, तिरुप्पूर, इरोड, सेलम, जोलार पेट्टई जंक्शन, काटपाडी जंक्शन, रेणुगुंटा जंक्शन, गुडुर जंक्शन, नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जंक्शन, विजय वाड़ा जंक्शन, वारंगल, बल्लारशाह, नागपुर जंक्शन, मानिकपुर,प्_ रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर जंक्शन एवं मोकामा स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे,जिनमें 02 थर्ड एसी इकॉनमी, 08 शयनयान (स्लीपर), 08 सामान्य श्रेणी (जनरल), 01 जनरेटर कार और 01 एसएलआरडी शामिल हैं।

# अवैध उत्खनन और ओवर लोडिंग से मैहर में जनता परेशान, प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल



**मैहर।** अवैध उत्खनन और ओवरलोड वाहनों का मामला अब संभागीय स्तर पर गूंज रहा है। सूत्रों के अनुसार,संभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मैहर प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जनता लगातार उत्खनन और ओवरलोडिंग के मुद्दे उठा रही है,लेकिन संबंधित विभागों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। भदनपुर,बठिया-बरहिया और नादन मार्ग पर ओवरलोड पत्थर के ट्रक रोजाना दौड़ते देखे जाते हैं,जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है।

### अवैध खनन के आरोप

बठिया-बरहिया क्षेत्र में अवैध उत्खनन की चर्चाएँ तेज हैं। एक बड़े सीमेंट प्लांट पर आवश्यक सुरक्षा मानकों के बिना खदान चलाने के आरोप हैं।ओवरलोड पर मैहर प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय जनता को कलेक्टर से कड़े कदम उठाने की उम्मीद है,ताकि परिवहन,खनिज और पर्यावरण विभाग सख्ती से कार्रवाई करें।

# विधायक ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएँ, किया तत्काल निराकरण

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार,मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने प्रत्येक शुक्रवार को जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात करके उनका तत्काल निराकरण किया।इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बड़ा अखाड़ा में होने वाले शिवशक्ति महायज्ञ के लिए निकाली गई



विशाल शोभा यात्रा माँ शारदा की नगरी मैहर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा में होने वाले शिवशक्ति महायज्ञ से पहले,मैहर नगर में एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा बड़ा अखाड़ा से शुरू होकर अग्रसेन चौक,घंटाघर,चंडी देवी मंदिर,स्टेट बैंक चौराहा से होते हुए कटनी रोड से वापस बड़ा अखाड़ा में समाप्त हुई। शोभा यात्रा में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी,विभिन्न मठ-मंदिरों के गुरुजन,महंत और बड़ी संख्या में सनातनी प्रेमी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूजः बनवार

**दमोह।** जबलपुर स्टेट हाइवे पर नोहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार रात करीब 6:30 बजे नोहटा सेतु के आगे छीन्ना के पास एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय सोनू पिता लखन आदिवासी, निवासी छीन्ना, नोहटा साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनू ट्रक के नीचे फंस गए और करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन सहित फरार हो गया। घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी। देखते ही देखते आक्रोशित लोगों ने दमोह–जबलपुर स्टेट हाइवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे नोहटा और अभाना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और कलेक्टर को मौके पर बुलाने तथा अज्ञात ट्रक चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इस बीच नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल और जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। अंततः प्रशासन की कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। करीब दो घंटे तक जाम रहने के बाद पुलिस ने शव को घटनास्थल से हटवाकर दमोह जिला चिकित्सालय भेजा, जहां शव को शवगृह में रखवाया गया।

## शराबी पति ने पत्नी से की मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**हटा।** अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र के संजय नगर में खाना बनाते समय पत्नी के साथ शराबी पति ने मारपीट कर देने से पत्नी बुरी तरह झुलस गई जिसे इलाज हेतु सिविल अस्पताल हटा में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रानू आदिवासी 28 घर पर खाना बना रही थी उसी दौरान उसका पति ईश्वर दास आदिवासी शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। विवाद में पति ने लात मारी जिससे वह गर्म खाने से झुलस गई। घटना की सूचना पर गैसाबाद थाना डायल 112 मौके पर पहुंची जहां टीम द्वारा घायल पत्नी को सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। पीड़िता ने बताया कि पति शराब के नशे में आये दिन विवाद मारपीट करता है, आज भी मारपीट कर दी जिससे वह जल गई।

# पन्ना पुलिस द्वारा थाना बृजपुर क्षेत्र में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

## शासकीय हथियार लूटने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा आरोपियों पर 5-5 हजार रूपये का ईनाम किया गया था घोषित




**पन्ना।** थाना बृजपुर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर पुलिस से 02 शासकीय रायफल लूटने वाले आरोपियों के विरूद्ध थाना बृजपुर में अप.क्र. 232/25 धारा 126(1), 296, 109(1), 310(2), 311, 132, 121(2), 351(3), 190, 191(2), 191(3) ठछै का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले के 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर जिला जेल पन्ना दाखिल किया गया है। मामले में दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को बृजपुर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना बृजपुर के अपराध क्रमांक 86/25 धारा 105 ठछै का फरार एवं इनामी आरोपी पंचम सिंह यादव, ग्राम धरमपुर स्थित अपने घर पर मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह भदौरिया सहित पुलिस स्टाफ आर्म्स एमुनेशन के साथ आरोपी की गिरफ्तारी हेतु ग्राम धरमपुर पहुँचे। आरोपी पंचम सिंह यादव को पुलिस दल द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर स्टॉफ के साथ थाने भेजा जा रहा था, इसी दौरान आरोपी के परिजनों एवं अन्य व्यक्तियों ने एक राय होकर पुलिस टीम का रास्ता रोककर शासकीय कार्यवाही में बाधा डालते हुये पुलिस दल पर जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला किया गया। साथ ही आरोपियों द्वारा पुलिस टीम के कब्ज़े से दो शासकीय इंसास रायफलें मय लोडेड मैग्जीन बलपूर्वक छीन लीं गई। आरोपियों द्वारा किये गये प्राणघातक हमले से थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह भदौरिया एवं आर. रामनिरंजन कुशवाहा को गंभीर चोटे आयी। जिन्हें इलाज हेतु एम.पी. बिरला अस्पताल, सतना ले जाया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा 08 आरोपियों के विरूद्ध थाना बृजपुर में अपराध क्रमांक 232/25 धारा 126(1), 296, 109(1), 310(2), 311, 132, 121(2), 351(3), 190, 191(2), 191(3) ठछै का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना प्रभारी अजयगढ निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर को मामले में विवेचना अधिकारी नियुक्त किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक पन्ना के द्वारा मामले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 5-5 हजार रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था। थाना प्रभारी अजयगढ द्वारा थाना स्टॉफ की मदद से मामले के आरोपियों की तलाश पतारसी के प्रयास किये गये। पुलिस टीम द्वारा किये गये प्रयासों के फलस्वरूप कल दिनांक 14/11/2025 को मामले के 06 आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर घटना के संबंध में पूँछताछ की गई, जो आरोपियों द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं लाठी-डण्डा जप्त किया जाकर 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**जप्त सामग्री-** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं लाठी-डण्डा जप्त किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी -** 1. बीर सिंह यादव उर्फ़ बीरन यादव पिता बूदी सिंह यादव उम्र 33 वर्ष

2. सुरेन्द्र सिंह यादव पिता कृपाल सिंह यादव उम्र 30 वर्ष 3. रंजीत सिंह यादव पिता मुलायम सिंह यादव उम्र 31 वर्ष 4. महेंद्र सिंह यादव पिता कमल सिंह यादव उम्र 30 वर्ष 5. ऋषिराज उर्फ़ ऋषि यादव पिता सगुन सिंह यादव उम्र 22 वर्ष 6. रामस्वरूप उर्फ़ सरूप पिता मुलायम सिंह यादव उम्र 27 वर्ष सभी निवासी ग्राम धरमपुर थाना बृजपुर।

### खत्म हुआ सालों का इंतजार, हीरे को मिला जीआई टैग, वैश्विक मंच पर मिलेगी पहचान

# खदानों से निकलने वाले हीरे को मिला जीआई टैग, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा पन्ना का हीरा, जीआई टैग मिलने से बढ़ेगी कीमत



**पन्ना।** मध्य प्रदेश का इकलौता जिला पन्ना है, जहां हीरा निकलता है. अब यहां के हीरे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान मिलने जा रही है. क्योंकि पन्ना के हीरे को जीआई टैग मिल गया है. इसके साथ ही पन्ना का हीरा अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक कीमत एवं सर्टिफिकेट के साथ बेचा जा सकेगा, जिससे इसके कॉपीराइट करने की कोई भी संभावना नहीं होगी।

### 2023 में जीआई टैग के लिए किया था आवेदन

तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला खनिज विभाग द्वारा 7 जून 2023 को जीआई टैग के लिए आवेदन किया गया था. आज दिनांक को पन्ना को जीआई टैग मिल गया है. पन्ना के हीरे को क्लास 14 दूनेचुरल्स गुड्स की श्रेणी में जीआई टैग मान्यता प्रदान की गई है. इस उपलब्धि के कारण मध्य प्रदेश के पन्ना से निकलने वाले हीरे की चमक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगेगी।

### जीआई टैग मिलने से नहीं होगी धोखाधड़ी

पन्ना के हीरे को जीआई टैग मिलने के कारण अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पन्ना के हीरे की अलग पहचान बनेगी. उदाहरण से समझें जैसे यदि कोई व्यक्ति मुंबई में पन्ना का हीरा खरीदना चाहता है और वह 3 लाख रुपए कैरेट में क्रय करता है. जांच में पता चलता है कि वह हीरा अफ्रीकन डायमंड निकल जाता है, जिसकी कीमत 12,000 रुपए कैरेट है. अब यह ऐसा नहीं होगा. क्योंकि यदि कोई पन्ना का हीरा खरीदता है, तो उसे जीआई टैग सर्टिफिकेट भी मिलेगा. इसमें यह जानकारी लिखी होगी कि हीरा किस खदान से निकाला है, उसका वजन कितना है और किस क्वालिटी का हीरा है।

### हीरा व्यापारियों को होगा लाभ

पन्ना के हीरा व्यापारी या जो पन्ना से नीलामी में हीरा खरीदते हैं. उन व्यापारियों को पन्ना के हीरे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मार्केट में अच्छे दाम मिलेंगे. क्योंकि इसके साथ अब जीआई टैग सर्टिफिकेट भी होगा, जिससे यह प्रमाणित होगा कि यह हीरा पन्ना का है. पन्ना की खदान से निकला है, इससे अब ठगी होने की कोई संभावना नहीं रहेगी इसलिए पन्ना के हीरे की अच्छी कीमत मिलेगी. जिससे व्यापारियों को लाभ पहुंचेगा और हीरा व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी। पन्ना हीरा कार्यालय में इकट्ठा हुए 79 हीरे, जल्द होने वाली है नीलामी, लगेगी बड़ी बोली पन्ना की धरती ने उगला खजाना, खदान से एक साथ मिले 5 हीरे, किसान हुआ मालामाल।

### वैश्विक बाजार में बढ़ेगी पन्ना के हीरों की मांग

रवि पटेल खनिज उपसंचालक ने बताया कि ष्पन्ना के हीरे को जीआई टैग मिलने के कारण वैश्विक बाजार में पन्ना के हीरे की मांग बढ़ जाएगी. पन्ना के हीरे की अच्छी क्वालिटी रहती है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पन्ना के हीरे की मांग है. अब पन्ना के हीरे के साथ जीआई टैग सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे पता चलेगा कि पन्ना के किस खदान से हीरा निकला है।

## रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, अमानगंज में मनाया गया बाल दिवस



**अमानगंज।** रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, अमानगंज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस खास दिन को और भी खास बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक क्विज कॉम्पिटिशन से हुई, जिसमें छात्रों ने विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी ज्ञानवर्धन क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद, छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए डांस और भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें उनके उत्साह और समर्पण को देखा जा सकता था। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों को खुशी का तोहफा देते हुए चॉकलेट्स और आलू वंडे बांटे। इस आयोजन से बच्चों में जोश और खुशी का माहौल था और सभी ने इसे भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम ने बालकों के बीच एकजुटता और खुशी का माहौल उत्पन्न किया, साथ ही यह बच्चों को उनकी शिक्षा और संस्कृति के महत्व को समझने का एक अच्छा अवसर भी प्रदान किया। बाल दिवस के इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र एकजुट होकर इस दिन को यादगार बनाने में सफल रहे।

# देवेंद्र नगर में बिजली अमले की छापेमारी चोरी के लगभग 3 दर्जन प्रकरण दर्ज किए



**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर में बिजली चोरी रोकने के लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता पन्ना, प्रमोद गेड़ाम साहब एवं कार्यपालन अभियंता पन्ना, अमितेश मिश्रा साहब के निर्देशानुसार आज दिनांक 14/11/2025 को देवेंद्रनगर में सघन मास चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के दौरान शुक्रवार को टीम ने देवेंद्रनगर में कई घर और दुकानों में दबिश दी। इस दौरान लोग कटिया फंसाकर लीड काटकर बिजली का उपयोग करते पाए गए। टीम ने विद्युत अधिनियम 2003 के तहत 35 नग प्रकरण दर्ज किए। अभियान में शामिल टीम ने देवेंद्रनगर टाउन के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी की। जिसमें बस स्टैंड, सलेहा रोड सतना रोड सोसायटी रोड बस स्टैंड, सिसोदिया मोहल्ला, राणा कॉलोनी और बस्ती मोहल्ले शामिल थे। टीम में श्रीमान अमरदीप सिंह परिहार जी कनिष्ठ अभियंता, श्रीमान अजय साहू जी कनिष्ठ अभियंता, श्रीमान विकाश गुप्ता कनिष्ठ अभियंता जी, कनिष्ठ अभियंता उमेश पांडे जी, द्वारा विद्युत चेकिंग के दौरान में अवैध रूप से विद्युत प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं की प्रकरण दर्ज किया गया एवं तार भी जप्त की गई। लंबित विद्युत बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं की कनेक्शन विच्छेद किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अनाधिकृत रूप से बिजली का उपयोग न करें, वैध कनेक्शन लेके ही विद्युत का उपयोग करें और चोरी के खिलाफ सहयोग करें।

## अतिथि शिक्षकों के लिए रिक्त पद पोर्टल पर शीघ्र खोले जाए - जीतेन्द्र गर्ग

पवई।



पन्ना म.प्र. अतिथि शिक्षक संघ जिला इकाई पन्ना के पूर्व जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र गर्ग ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी करके विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि शालाओं में रिक्त पद पर अतिथि शिक्षक आमंत्रण हेतु एजुकेशन पोर्टल 3.0 अंतर्गत जी.एफ.एम.एस. मॉड्यूल पर शाला प्रभारी के लॉगिन पर पद ओपन करने कि सुविधा उपलब्ध कराई जावे जिससे रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षको आमंत्रित किया जा सके। श्री गर्ग ने कहा कि लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक/अतिथि शिक्षक/2025-26/281 भोपाल दिनांक 03/09/2025 एवं पत्र क्रमांक/304/दिनांक- 18/09/2025 के अनुसार पत्र तो जारी कर दिया गया है की सितंबर 2025 से उद्दित होने वाली रिक्तियों पर अतिथि शिक्षक व्यवस्था हेतु एजुकेशन पोर्टल 3.0 अंतर्गत गेस्ट फैकेल्टी मैनेजमेंट सिस्टम मॉड्यूल पर शाला प्रभारी के लॉगिन से विकासखंड के पैनल से अतिथि शिक्षक व्यवस्था करें। लेकिन पोर्टल पर पद ओपन करने की सुविधा आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे अतिथि शिक्षकों में असंतोष है बगत सत्र में सत्र 2023- 24, 2024- 25 में नियमित भर्ती, उच्च पद प्रभार, स्थानांतरण में अतिथि शिक्षक बाहर हो गए है वे आज अपने जीवन यापन के लिए अतिथि शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे है। श्री गर्ग ने माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से मांग की है कि आप अतिथि शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पोर्टल पर पद ओपन करवाए ताकि शालाओं में अभी की शिक्षण व्यवस्था दुरस्त हो जाए तथा पूर्व से बाहर हुए अतिथि शिक्षकों को अतिथि शिक्षक बनने का अवसर मिल सके। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 11/10/2018 को दिए गए निर्णय की कंडिका 27 (पपप) क के अनुसार विद्यालय में उपलब्ध पैनल से गत वर्ष/विगत सत्र से कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों को ही रखा जाए। श्री गर्ग ने मांग की है कि शीघ्र पोर्टल खोला जाए तथा गत सत्र के कार्यरत अतिथि शिक्षकों को ही आमंत्रित किया जाए ताकि शैक्षणिक कार्य व्यवस्थित ढंग से हो एवं बेरोजगार अतिथि शिक्षकों को रोजगार प्राप्त हो। श्री गर्ग ने मांग की है कि पूर्व सत्रों में प्राचार्य एवं सी.ए.सी. के विरुद्ध भी अतिथि शिक्षकों की भारती की जाती रही है। इस प्रकार सत्र 2025- 26 में भी प्राचार्य एवं सी.ए.सी. तथा बी.ए.सी. बी.आर.सी.सी. के पदों के विरुद्ध भी अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित किया जाए तथा पूर्व में कार्यरत फॉलन आउट अतिथि शिक्षकों को ही भर्ती किया जाए जिससे फॉलन आउट अतिथि शिक्षकों की भर्ती हो सके। तथा रक्त पदों को पोर्टल में शीघ्र अपडेट किया जाए।

### एक माह में रिक्त पदों पर सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण की करें कार्रवाई - अध्यक्ष श्री करोसिया

# नियमों की पर्याप्त जानकारी न होने पर श्रम विभाग के अधिकारी को लगाई फटकार

### स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर संविदा भर्ती के निर्देश

पन्ना।






सभी नगरीय निकायों सहित अन्य विभागों में कार्यरत सफाई कामगारों को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्रदान करें। इनके सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के प्रयासों सहित सफाई कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा भी मिले। साथ ही शासन के विभिन्न पुरस्कारों के लिए भी अपेक्षित कार्यवाही की जाए। उक्ताशय के निर्देश म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों और सफाई कामगार एवं संगठन के पदाधिकारियों की बैठक में दिए। आयोग अध्यक्ष श्री करोसिया ने शासकीय विभागों में सफाई कर्मचारियो के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी ली। साथ ही दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्स पर नियोजित कर्मचारियों के बारे में पूछा। उन्होंने आउटसोर्स पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों की कंपनी के अनुबंध शर्तों के बारे में भी विभागवार जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विनियमित कर्मचारियों की वरीयता सूची अद्यतन करने के निर्देश भी दिए। समय-समय पर शासन एवं न्यायालय के जारी निर्देशों के अनुक्रम में 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले पात्र कर्मचारियों को एक माह में नियमित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में नगर पालिका पन्ना के सीएमओ ने बताया कि वर्तमान में नगरीय निकाय अंतर्गत कोई भी आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं। अध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आउटसोर्स कर्मचारी के नियोजन वाली कंपनी द्वारा अनुबंध शर्तों का पालन नहीं करने पर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि दो माह तक लगातार वेतन भुगतान न करने तथा एक माह में एक साल की बकाया ईपीएफ राशि जमा नहीं कराने पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के संबंध में इसे आधार बनाकर कार्यवाही करें और विभाग स्तर पर सफाई कर्मचारियों की संविदा भर्ती की कार्यवाही प्रारंभ कराएं। उन्होंने आयोग को पालन प्रतिवेदन भेजने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही शासन के सभी निर्देश और परिपत्रों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन करने की नसीहत भी दी। आयोग अध्यक्ष द्वारा एक प्रकरण में श्रम विभाग के अधिकारी संजय आर्या को नियम एवं अधिनियमों की पर्याप्त जानकारी न होने पर नाराजगी व्यक्त कर कड़ी फटकार भी लगाई गई।

### ग्रेच्युटी एवं मृत्यु हितलाभ का समय पर हो निराकरण

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष द्वारा दैनिक वेतन भोगी एवं विनियमित कर्मचारियों की आकस्मिक मृत्यु पर परिजनों को मिलने वाले हितलाभ के समय पर वितरण सहित उपादान संदाय अधिनियम के तहत ग्रेच्युटी के समय पर भुगतान के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी दैनिक वेतन भोगी सफाई कामगारों को नियम मुताबिक कलेक्टर दर की मजदूरी राशि का पूर्णकालिक अथवा अंशकालिक श्रेणी अनुसार समय पर भुगतान हो। नगर परिषद ककरहटी अंतर्गत ईपीएफ की शेष राशि तत्काल जमा कराने सहित नगर परिषद अजयगढ़ में एक प्रकरण में 15 दिवस में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष द्वारा नियम मुताबिक आवासहीन सफाई कर्मचारियों के आवास और पट्टे सहित आयुष्मान कार्ड और प्रधानमंत्री बीमा योजना की सुविधा का शिविर के जरिए सभी कामगारों को लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय पर महर्षि वाल्मीकी सामुदायिक भवन के निर्माण तथा सफाई कामगार प्रतिनिधियों के साथ भवन के लिए जमीन चिन्हांकन के निर्देश भी दिए। जिला संयोजक को स्वच्छता परिसरों की साफ सफाई में नियोजित कर्मचारियों को भी मजदूरी राशि के भुगतान में नियमों का पालन कर ईपीएफ कटौती के निर्देश दिए गए। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए निर्देशित कर सभी विभागीय अधिकारियों को दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ गंभीरतापूर्वक दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा अनुसूचित जाति छात्रावास में निवासरत बच्चों की सुविधाओं और मंगल भवन की सुविधा के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ द्वारा आयोग अध्यक्ष को स्वच्छता परिसरों के रखरखाव तथा सफाई कामगारों के पंजीकरण के बारे में अवगत कराया गया। परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण शशिकपूर गढ़पाले ने नगरीय क्षेत्र में सफाई कामगारों के मकान और दुकान के पृथक ब्लॉक स्थापना संबंधी कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में आयोग अध्यक्ष ने सफाई कामगार यूनियन के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। इस दौरान गुनौर नगर परिषद में दैनिक वेतन भोगियों के एरियर्स के बकाया होने की जानकारी से अवगत कराया गया। अध्यक्ष ने नगरीय निकायों में नियमित रूप से सफाई कामगारों के हित संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रयास के लिए निर्देशित किया। साथ ही ड्रेस, औजार और सुरक्षा उपकरण वितरित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में सभी निर्देशों का अधिकारियों द्वारा अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। समयबद्ध तरीके से सफाई कर्मचारियों की समस्या निराकृत करें। बैठक में कलेक्टर ऊषा परमार ने कर्मचारियों के हित के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी महत्वपूर्ण प्रयासों के बारे में अवगत कराया। साथ ही उपस्थित प्रतिनिधियों से किसी भी समस्या के निराकरण के लिए समय पर अविलंब अवगत कराने की अपेक्षा की। बैठक में मधु वाल्मीकि सहित राजा सारवान, देवेन्द्र वाल्मीकी, रत्नेश पटेरिया एवं लक्ष्मीनारायण चिरोलिया भी उपस्थित रहे।

## शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में मनाया गया बाल दिवस

### बच्चों ने चाचा नेहरू को किया याद





**पवई।** देश, प्रदेश सहित जिले भर में आज 14 नवंबर को चिल्ड्रन डे यानी बाल दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। पवई जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों में बाल दिवस को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए मनाया गया। बाल दिवस हर वर्ष 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसी कड़ी में पवई के ग्राम पड़रिया कला में विगत डेढ़ दशक से संचालित सरस्वती ज्ञान मंदिर संस्था में पंडित नेहरू की जयंती पर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें सर्वप्रथम पं जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई उसके बाद विद्यालय के सभी बच्चों के साथ संस्था के संचालक सत्येंद्र शुक्ला और प्रधानाध्यापक श्रीमती सोनम शुक्ला सहित समस्त स्टाफ के द्वारा केक काटकर बाल दिवस को मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक भभूत जी, रश्मि,ममता,भावना, अंचल, भारती जी मौजूद रही। बाल दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना,बाल श्रम बाल अपराध और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाना,बच्चों को स्नेह,प्रेम और समान अवसर देकर उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत में बाल दिवस की शुरुआत 20 नवंबर 1956 को हुई थी जब इसे संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व बाल दिवस के रूप में मनाया जाता था,लेकिन पंडित नेहरू के निधन के बाद उनकी जयंती यानी 14 नवंबर को भारत का राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया,तब से हर साल इस दिन बच्चों के नाम को समर्पित किया जाता है। बता दें कि चाचा नेहरू बच्चों से गहरा स्नेह रखते थे और उनका मानना था कि आज के बच्चे कल के भारत के निर्माता है बच्चों के प्रति उनके इस प्रेम के कारण ही उन्हें

# अमानगंज पीएम श्री विद्यालय में बीएलओ एप पर फीडिंग के संबंध में प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित





**अमानगंज।** एक सो चालीस कर्मचारीयो ने लिया प्रशिक्षणदो स्थानों पर हुआ आयोजनअमानगंज निप्र गुन्नौर विधानसभा की अमानगंज तहसील मुख्यालय में आज नगर के पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय निर्वाचन अधिकारी ममता मिश्रा जी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमें चार प्रशिक्षु प्राचार्य एसके द्विवेदी, हरिराम माली प्राचार्य देवेश कुमार शिक्षक संजय शर्मा द्वारा तकरीबन 140 कर्मचारियों को बीएलओ एप पर फीडिंग से जुड़ी सारी जानकारी दी गई यह शिविर तकरीबन 2 घंटे विद्यालय के दो क्लासों में चला और दोनों ही स्थान पर स्थानीय निर्वाचन अधिकारी ने भी अपना उद्बोधन दिया और पूरी सावधानी के साथ यह कार्य करने की अपील की शिविर में पटवारी, शिक्षक पंचायत सचिव आदि आदि कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

खबर संक्षेप

## ताशा सिंह परमार ने सिविल जज परीक्षा में पाई 28वीं रैंक



**छतरपुर।** जिले की एक युवती ने सिविल जज परीक्षा में 28वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। परिवार में पहली बार किसी ने जज बनकर इतिहास रचा। अधिवक्ता समुदाय में खुशी की लहर है। शुक्रवार को ताशा सिंह परमार, वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह की भतीजी और अधिवक्ता अरविंद सिंह की बेटी ने परीक्षा पास की। परिवार में सात सदस्य अधिवक्ता हैं लेकिन कोई जज नहीं था। योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बेटी ने पहली बार सिविल जज बनकर परिवार का नाम रोशन किया। इंदौर में परिणाम के बाद शुभचिंतक और अधिवक्ता पहुंचे, माला पहनाई और मिठाई खिलाई। अधिवक्ता समुदाय के कई सदस्य मौजूद रहे और ताशा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## केन्द्रीय मंत्री की अगुवाई में शहर में यूनिटी मार्च आज

**छतरपुर।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार, संसदीय क्षेत्र छतरपुर डॉ. वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शहर में 15 नवंबर 2025 को सुबह 10 बजे से यूनिटी मार्च आयोजित की जाएगी। जो चौपाटी प्रताप सागर तालाब से होते हुए चौक बाजार से हटवारा, बस स्टेड, खडे हनुमान मन्दिर से बृहम्मकुमारी आश्रम से सीधे चौपाटी प्रताप सागर पर समाप्त होगी।

## जमीनी विवाद में महिलाओं के साथ हुई मारपीट



**छतरपर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के दौरान महिलाओं के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों से हमला कर पीड़ित महिलाओं के मंगलसूत्र और मोबाइल छीन लिए गए हैं। शुक्रवार को पीड़ित महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है। पीड़ित विमला कुशवाहा निवासी नारायणपुरा रोड सिद्धेश्वर मंदिर के सामने ने बताया कि गत 6 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजे गायत्री मंदिर के पीछे रहने वाला गिरधारी कुशवाहा और उसके बेटे रोहन कुशवाहा, सोहन कुशवाहा किराए के ट्रैक्टर से उसका खेत जोत रहे थे। जब बहू रजनी और देवरानी रामवती ने मना किया तो गालियां देते हुए रोहन ने उसे तथा परिवार की रजनी, रामवती और संगीता पर डंडे से हमला कर दिया। इतना ही नहीं बाद में आरोपी उनके मोबाइल और मंगलसूत्र भी जबरन छीन ले गए। विमला का आरोप है कि उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन शिकायत में कुल्हाड़ी से सिर पर वार, मंगलसूत्र और मोबाइल छीनने का जिक्र नहीं किया गया है। वहां आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी देकर राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई कराने की मांग की है।

## मोहल्ले में चल रहे देह व्यापार से लोग परेशान

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड गल्ला मंडी के पीछे मोहल्ले में देह व्यापार चलने की शिकायत पर वार्डवासी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। आवेदन में बाहर से लड़कियां बुलाकर धंधा करने, मारपीट और झूठे मुकदमे की धमकी का आरोप लगाया गया। पुलिस पर संरक्षण देने का इल्जाम लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। वार्डवासियों ने बताया कि पड़ोस में अनावेदिका भारतीय लखेरे के मकान में दिन-रात अजनबी और अपराधी आते-जाते हैं। बाहर से विदेशी लड़कियां बुलाकर देह व्यापार चल रहा है। महिलाओं और बच्चों को परेशानी हो रही है। कुछ कहने पर बाहरी गुंडे बुलाकर मारपीट करवाती है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है।

### कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोडने का जेल प्रशासन कर रहा अथक प्रयास : डिप्टी जेलर

# जेल में वीआईपी कल्चर पर लगी रोक, बाहरी सामान पर लगा प्रतिबंध, जेल कैंपस में बनी कैंटीन से खरीदें : जेल अधीक्षक

**छतरपुर।** जिला जेल में इन दिनों वीआईपी कल्चर पर पूरी तरह से जेल अधीक्षक द्वारा रोक लगा दी गई है। और सभी कैदियों के लिए एक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यहां तक की जेल प्रशासन छतरपुर ने बाहरी सामान जेल के अंदर आने पर प्रतिबंध लगा दिया है और जिला जेल प्रशासन ने कैदियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जेल परिसर में प्रशासन ने एक कैन्टीन खोल रखी है। जिससे इस कैन्टीन के माध्यम से कैदियों को जरूरत का सामान उपलब्ध हो रहा है।

जेल में बंद प्रत्येक कैदी कैन्टीन के माध्यम से प्रतिमाह लगभग 2 हजार तक का सामान खरीद सकता है। जिसमें खाने पीने की सामग्री व अन्य दैनिक उपयोग की बस्तुएं शामिल है।

**जेल की शाखाओं के प्रभार में काफी समय बाद हुआ बदलाव -**

जिला जेल छतरपुर में कई शाखाएं है, और इन शाखाओं में मुलाकात कक्ष, कैन्टीन, गेट पहरी, पाठशाला, स्टोर, मुख्य प्रहरी, बीसी कक्ष, टेलीफोन कक्ष आदि शामिल है। इन शाखाओं में कई प्रहरी बर्षो से जमे हुए थे, लेकिन जेल अधीक्षक ने आते ही इसमें बदलाव कर दिया है। और अब सभी प्रहरियों की शाखाओं में बदलाव किया गया है, जबकि प्रशासन द्वारा हर 6 माह में शाखाओं के प्रभार बदलने के आदेश थे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। और अब जिला प्रशासन के इस आदेश का पूर्ण रूप से पालन किया जा रहा है।




**कैदियों की बीमारी अचानक हुई दूर, अस्पताल रिफर होना बंद -**

पहले जेल में बंद कैदी चाहे वह विचाराधीन हो या फिर सजायाफ्ता आये दिन बीमार होते थे और उन्हें जेल अस्पताल में उपचार कराने के साथ साथ जिला अस्पताल में भी भर्ती कराया जाता था। लेकिन पिछले कई माह से देखा जा रहा है कि जो कैदी आये दिन बीमार होते थे अब वह पूर्ण रूप से वह स्वस्थ नजर आने लगे है। और यदि किसी कैदी को बीमारी भी होती है, तो उसका ईलाज जेल अस्पताल में ही संभव हो जाता है। जिला जेल छतरपुर में कैदियों को रखने की क्षमता 292 है, लेकिन वर्तमान में यह संख्या काफ़ी अधिक है।

**जेल में होते रहते है धार्मिक आयोजन -**

डिप्टी जेलर छतरपुर ने बताया कि अपराध जगत से जुड़ा हुआ व्यक्ति ही जेल पहुंचता है और उसके विचारों में बदलाव लाने के लिए जेल प्रशासन द्वारा समय समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है। जेल में हर मंगलवार एवं शनिवार को कैदियों द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। जिसमे सभी कैदी भाई शामिल होते है। शाम के समय लॉकअप बंद होने के बाद जेल की प्रत्येक बैरिक में कैदियों द्वारा मां दुर्गा और हनुमान जी की आरती भी की जाती है। जेल परिसर के अंदर भगवान भोलेनाथ और माता सती का रियासत कालीन मंदिर है। जिससे कैदी भगवान भोलेनाथ और मां सती की आराधना करते है। जेल में नवरात्रि के समय जो कैदी मां दुर्गा के उपवास करना चाहता है उसको अलग से फलाहार की व्यवस्था की जाती है, साथ रमजान माह में रोजा अफतार कराया जाता है।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयती के समापन पर राज्यमंत्री होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जंयती के समापन बर्ष पर विश्राम भवन परिसर किशनगढ़ बिकासखंड बिजावर में 15 नबम्वर 2025 को जिला प्रशासन की ओर से जनजातीय बर्ग के हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लांभावित करने एवं सम्मानित करने हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे किया जा रहा है। मनोज अहिरवार जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग छतरपुर ने दूरभाष पर बताया कि मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों की एवं क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला की उपस्थिति में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री द्वारा लाईव प्रसारण के माध्यम से जनसामुदाय को संबोधित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की समूची व्यवस्थाएं की गई है, और उन्होंने क्षेत्रीय जनजातीय समुदाय से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# किसान की जमीन पर हुआ कब्जा, पीड़ित ने लगाई गुहार

**छतरपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक किसान ने अपनी जमीन पर अवैध कब्ज़े की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम रगौली, थाना हरपालपुर निवासी पीड़ित पुष्पेंद्र राजपूत ने बताया कि खसरा नंबर 196/1/2 व 67/2 की भूमि राजस्व रिकॉर्ड मेरे नाम दर्ज है। सीमांकन के बाद धारा 250 के तहत प्रकरण क्रमांक 13-अ-70/23-24 में 21 जून 2024 को कब्जा हटाने के आदेश जारी किए गए थे। पीड़ित के



अनुसार, इसके बावजूद 10 नवंबर 2025 को अखिलेश तनय छत्रपाल राजपूत ने जबरन खेत जुताई कर कब्ज़ा कर लिया। विरोध करने पर महिलाओं ने गाली-गलौज की और मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत पीड़ित ने पहले थाना हरपालपुर में की, लेकिन कार्रवाई न होने पर वह शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## स्कूल में लगा बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी

**हरपालपुर।** बच्चों की प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। छात्रों ने 50 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें समस्याओं के समाधान पर आधारित परियोजनाएं शामिल रहीं। अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की। शुक्रवार को ई-ड्रीम स्टेप्स स्कूल हरपालपुर में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों ने एयर फिल्टर, भूकंप चेतावनी प्रणाली, स्मार्ट खेती, स्मार्ट शहर मॉडल, वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा उपकरण, मानव पाचन एवं श्वसन तंत्र के कार्यशील मॉडल तथा प्रदूषण नियंत्रण के तरीके प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अमित अग्रवाल, ब्रह्मकुमारी आशा दीदी और पूनम दीदी, ब्रजेंद्र गुप्ता, संजय तिवारी, दीपू सोनी, मनीष पाण्डेय, सुनील



विश्वकर्मा, कुलदीप वर्मा, राजीव अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। स्कूल संचालक दिलीप कुमार नगरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया और अगले वर्ष बड़े स्तर पर आयोजन की घोषणा की।



# 25 दिनों में पुलिस ने खोजे 85 गुम मोबाइल

**आईपैड चुराने वाले दो चोर भी गिरफ्तार**

छतरपुर पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत पिछले 25 दिनों में 85 गुमशुदा मोबाइल फोन और एक आईपैड बरामद कर उनके धारकों को वापिस लौटाने की कार्रवाई की है। जप्त मोबाइलों की कुल कीमत करीब 15.5 लाख रुपये है। जिन चोरों ने आईपैड चोरी किया था, पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने यह जप्त मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापिस सौंपे। उन्होंने बताया कि यह फोन उत्तरप्रदेश के महोबा, झांसी, बांदा, मध्यप्रदेश के टीकमगढ़, सागर, पन्ना और छतरपुर तथा दिल्ली से जप्त किए गए हैं और इनमें सैमसंग, वीवो, वन प्लस, मोटोरोला, ओप्पो, रेडमी जैसे ब्रांड शामिल हैं। इसके साथ ही थाना कोतवाली क्षेत्र में आईपैड चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है। श्री जैन ने बताया कि यह फोन छात्रों, मजदूरों, किसानों, गैर सरकारी संगठन कर्मियों और गृहणियों के थे, जो आज वापिस लौटाए गए हैं। एसपी ने यह भी बताया कि यदि आपका मोबाइल गुम होता है तो आप तुरंत मोबाइल की जानकारी आधार कार्ड, रसीद, बॉक्स फोटो, गुम होने की तिथि-स्थान, वैकल्पिक नंबर और थाना शिकायत प्रति के साथ सायबर सेल या व्हाट्सएप नंबर 9479991005 पर भेजें, प्रकरण में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय हे कि वर्ष 2025 में अब तक छतरपुर पुलिस द्वारा कुल 625 मोबाइल फोन खोजकर धारकों को वापिस लौटाए जा चुके हैं, जिनकी कुल कीमत एक करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक है। इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर, प्रआर किशोर कुमार, आरक्षक धर्मराज, विजय सिंह, राजीव सिंह, मयंक यादव, अभय सहित सभी थानों के प्रशिक्षित कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रदेश भर में बाइक चोरी करने वाले 4 शातिर चोर गिरफ्तार

## अंतरराज्यीय मोटर साइकिल चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**छतरपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने एक अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा विभिन्न जिलों से चोरी हुईं 21 मोटरसाइकिलें बरामद करने की कार्रवाई की विस्तृत जानकारी पत्रकारों को दी। गौरतल है कि वर्ष 2025 में अब तक छतरपुर ने 6 बड़े गिरोह पकड़े हैं और 115 से अधिक मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि बाइक चोरी की शिकायतों को संज्ञान में लेकर उन्होंने बाइक एवं आरोपियों की तलाश हेतु टीम गठित की थी, जिसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही थी। जांच के दौरान कोतवाली पुलिस को संदेही शाकिर मंसूरी पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ललितपुर उत्तर प्रदेश के बारे में सूचना मिली। शाकिर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथियों के नाम बताकर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल कर ली। शाकिर के बताए अनुसार पुलिस ने चोरी के सह आरोपी आशीष पुत्र चिरोंजीलाल यादव निवासी कुपी थाना किशनगढ़, महिपाल सिंह



उर्फ भैया पिता हरूप सिंह निवासी डोंगरपुर थाना बमनौरा और नीरज विश्वकर्मा पिता अशोक विश्वकर्मा निवासी सांदनी हाल निवास खजुराहो को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि इस गिरोह का सरगना शाकिर मंसूरी है, जिसके साथ मिलकर उक्त चोरों ने छतरपुर, खंडवा, पन्ना, रायसेन, सागर, भोपाल आदि स्थानों से हीरो एचएफ डीलक्स, होंडा लीवो, शाइन, बजाज प्लैटिना, डिस्कवर, हीरो पैशन प्रो, हीरो होंडा सीडी डॉन, स्प्लेंडर सहित करीब 16 लाख कीमत की 21 मोटरसाइकिलें चोरी की हैं। सभी बाइक बरामद कर ली गई हैं। यह गिरोह चोरी करने के बाद इन बाइक को महिपाल के जरिए गिरवी रखता था।

**सरगना शाकिर पर दर्ज हैं डेढ़ दर्जन से अधिक मामले**

एसपी अगम जैन ने बताया कि गिरोह के सरगना शाकिर पर चोरी और अवैध हथियार जैसे 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। जबकि आशीष पर मारपीट के दो, नीरज और महिपाल पर आबकारी अपराध दर्ज हैं। कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक राजकपूर बघेल, प्रधान आरक्षक उमाशंकर शुक्ला, राजेश बागरी, अवधेश चतुर्वेदी, विपेन्द्र चौबे, आरक्षक राकेश चढार, जगभान, आशीष खरे, अभय यादव, भूपेन्द्र प्रजापति की भूमिका रही।

# जो राम राष्ट्र का नहीं हम उसके विरोधी हैः पं. धीरेंद्र शास्त्री

## बागेश्वर महाराज ने आठवें दिन की यात्रा किसानों के नाम की समर्पित

**कोसिकला।** लाखों लोगों के साथ एकता का संदेश देने दिल्ली से वृंदावन के लिए निकली हिंदू एकता पदयात्रा आठवें दिन कोसी कला से अगले पड़ाव के लिए निकल पड़ी। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जिसे राष्ट्र और राम से प्रेम नहीं हम उसके विरोधी है। जिन्हें वंदे मातरम बोलने में, जय श्री राम बोलने, भारत माता की जय बोलने में तकलीफ हो रही है वे लाहौर चले जाए। हमें भले ही कर्ज लेना पड़े लेकिन हम कर्ज लेकर उनका टिकट करवा देंगे। इस पदयात्रा का संदेश दूर-दूर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि हम मुसलमानो के विरोधी नहीं लेकिन जो राम और राष्ट्र का विरोधी है हम उनके विरोधी है। सनातन विरोधियों पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि जो भारत का खाते हैं और गुण विदेसियों का गाते हैं तो क्या वे उनके चाचा लगते हैं। हिंदू, गीता, गंगा, संतो, सनातन का विरोध करते हैं वे अपना डीएनए जरूर टेस्ट करा लें। यात्रा के आठवें दिन मध्य प्रदेश के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, लखन पटेल, राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कुंडा विधायक राजा भैया, परमहंस सुरेशानंद महाराज, देवकीनंदन ठाकुर जी, चिन्मयानंद बापू जी, एक्टर राजपाल, अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी शामिल



हुए।

बरसाना के सिद्ध संत पूज्य विनोद बाबा महाराज बरसाना से कभी बाहर नहीं जाते लेकिन सनातन हिंदू एकता पदयात्रा की जानकारी मिलने पर न केवल उन्होंने पदयात्रा की सफलता का आशीर्वाद दिया बल्कि कोसीकला में आकर उन्होंने मंच से सबको आशीर्वचन भी दिये। बाबा महाराज ने कहा कि नेताओं को पता नहीं है कि हमारा धर्म क्या है। हमारा धर्म सनातन है जो भगवान से आया है। अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, सत्यम, संयम इन सबको मिलाकर हमारा धर्म बनता है।हिंदू कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने की शैली है। विश्व का एकमात्र हिंदू धर्म है जो एकता का संदेश देता है। समाज के लिए जातिवाद अभिशाप है। जन्म से नहीं कर्म से वर्ण तय किए गए लेकिन कालांतर में आपस में लड़वाने के लिए षड्यंत्र के तहत लोगों को जातिवाद में बांटा गया। बाबा महाराज ने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद मुख्य समस्या है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि जब तक आप इससे सचेत नहीं होंगे तब तक भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं बना सकते। अब सांप्रदायिक भेद भूलने का समय आ गया है सभी संप्रदाय सनातनी बन जाए।

**समर्थ, सक्षम हिंदू राष्ट्र ही सुरक्षा की गारंटी हैः राजा भैया**

उत्तर प्रदेश के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने पदयात्रा में शामिल होकर कहा कि महाराज श्री का शरीर आहत है। स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद उनका लक्ष्य एक है हिंदुओं को जागृत करना। राष्ट्र को जातिवाद की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। यदि हमें अपनी सुरक्षा करनी है तो इसके लिए समर्थ एवं सक्षम हिंदू राष्ट्र बनाना होगा। उन्होंने कहा कि महाराज जी को न तो राजनीति करना है और ना ही उनका किसी दल से संबंध है, वह सिर्फ एकता का संदेश देने निकले हैं। इस संदेश को व्यर्थ न जाने दे, वर्षों वर्ष तक यह संदेश जन मानस के भीतर बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर गए लेकिन धर्म नहीं छोड़ा। हमें ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से रोकना है।



**खबर संक्षेप**

## गीतांजली पब्लिक स्कूल में चली अमहिया पुलिस की पाठशाला

रीवा। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, सीएसपी रितु उपाध्याय के निर्देशन में थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल ने गीतांजलि पब्लिक स्कूल पहुंच कर छात्र छात्राओं से किया संवाद , साइबर सुरक्षा ,डायल 112 , यातायात जागरूकता, मुस्कान अभियान सहित कई जरूरी विषयों की जानकारी देते हुए , रीवा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'नशा मुक्त हो रीवा अपना' के अंतर्गत ख़ुद को और समाज को नशा मुक्त बनाने बच्चों के साथ ही स्कूल स्टाफ भी शपथ ग्रहण मे अपनी भागीदारी निभाई ।

## नगर निगम ने 31 कुओं का सौंदर्यीकरण किया पूरा



रीवा। नगर निगम ने शहर के ऐतिहासिक और पारंपरिक कुओं को संरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत व्यापक जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में शहर के चारों जोनों में स्थित पुराने, जर्जर और उपेक्षित कुओं को चिन्हांकित कर उनके पुनर्जीवन की योजना पर तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। निगम की स्वीकृत 95.81 लाख रुपये की योजना के अंतर्गत कुल 92 कुओं के जीर्णोद्धार और प्रमुख स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य प्रस्तावित है। इनमें से 31 कुओं का सौंदर्यीकरण पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष 61 कुओं पर कार्य अगले चरण में किया जाएगा। अभियान के दौरान जिन स्थानों पर कार्य पूरा हो चुका है, उनमें वार्ड 27 पुलिस चौराहा सहित 4 कुएं वार्ड 40 बंसल बस्ती एवं बेलदार मोहल्ला क्षेत्र के 4 कुएं वार्ड 36 : 5 कुएं वार्ड 22, 23, 25 : 8 कुएं वार्ड 29 : 8 कुएं वार्ड 20 व 31 : कई कुओं का मेंटेनेंस एवं सौंदर्यीकरण कार्य में संरचनात्मक मरम्मत, गाद एवं कचरा सफाई, सुरक्षा ग्रिल, प्लेटफॉर्म निर्माण, रंगरोगन तथा टाइल्स लगाने जैसे काम शामिल हैं। अभियान से न केवल शहर के पुराने जल-स्रोतों का पुनर्जीवन हो रहा है, बल्कि भू-जल स्तर में सुधार और वर्षा जल संचयन की क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। नगर आयुक्त डॉ. सोनवणे ने कहा,शहर के पारंपरिक कुएं हमारे प्राकृतिक जल-संरक्षण के प्रमुख स्रोत हैं। इनका संरक्षण न केवल भू-जल रिचार्ज को बढ़ाता है, बल्कि सतत जल प्रबंधन को भी मजबूत करता है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक पुराने कुएं को उसकी उपयोगिता और सांस्कृतिक महत्त्व के साथ सुरक्षित रखा जाए।

## जिला स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित

रीवा । कलेक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। हेल्प डेस्क का दूरभाष क्रमांक 07662-255143 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के लिए स्थापित जिला स्तरीय हेल्प डेस्क में दो पालियों में कर्मचारियों की ड्न्यूटी लगाई है। प्रथम पाली में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विक्रम शंखवार सहायक वर्ग-3 मोबाइल नंबर 7974040880 तथा अजय पटेल सहायक वर्ग-3 मोबाइल नंबर 8319604998 को तथा दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक विश्वजीत मिश्रा सहायक वर्ग-3 मोबाइल नंबर 9340563674 एवं पवन चौधरी सहायक वर्ग-3 मोबाइल नंबर 8085599371 को संलग्न किया गया है। जिला स्तरीय हेल्प डेस्क के प्रभारी अधिकारी परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह होंगे।

## स्कूल में पुलिस ने चलाई जागरूकता की पाठशाला

रीवा। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने शुक्रवार को गीतांजलि पब्लिक स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अग्रवाल ने छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए साइबर सुरक्षा, डायल 112 की उपयोगिता, यातायात नियम, और मुस्कान अभियान के उद्देश्य सहित कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बढ़ते ऑनलाइन अपराधों से सतर्क रहने, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और सड़क सुरक्षा के अनिवार्य नियमों के पालन पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसी क्रम में रीवा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान नशामुक्त हो रीवा अपना के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए तथा स्वयं को और समाज को नशामुक्त रखने की शपथ दिलाई गई।

# मरीजों की लग रही कतार, बढ़ रहे मौसमी बीमारियों के मरीज

### जांच और इलाज में प्रबंधन का छूट रहा पसीना, अस्पताल में बेड पड़ रहे कम






रीवा । संभाग के सबसे बडे संजय गांधी अस्पताल में मरीजों की बढ़ती भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। बदलते मौसम के कारण फेफड़ों में इन्फेक्शन, लीवर इन्फेक्शन और सांस के रोगी बढ़ रहे है। हालत यह है कि अस्पताल के मेडिसिन विभाग के सामान्य और तीनों आइसीयू बार्ड में मरीजों को भर्ती करने जगह कम पड़ रही है। बदलते मौसम में पड़ने पर मरीजों का स्ट्रेचर पर ही इलाज कराना पड़ रहा है। मेडिसिन विभाग के ही आइसीयू-3 में 20 बिस्तर भरे है। जबकि मरीज स्ट्रेचर पर इलाज करवाने को मजबूर हैं। यही स्थिति अन्य आइसीयू वार्ड की भी है। मरीजों की बढ़ती भीड के चलते अस्पताल प्रबंधन का व्यवस्था बनाने में पसीना छूट रहा है,मेडिसिन विभाग में पिछले डेढ़ महीने से यही स्थिति बनी हुई है। सुबह से मरीजों के परिजन पर्ची कटवाने लाइन में खड़े हो जाते हैं। बढ़ती भीड़ के कारण अब मरीजों को और अस्पताल प्रबंधन को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन बीमारियों के सबसे अधिक मरीज मौसम में चल रहे उतार चढाव की वजह से लोग परेशान रहे जिसके चलते वायरल फीवर के सबसे ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंचे। इसी तरह टायफाइड, पीलिया, डायरिया, पेच्चिस और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के भी मरीज अस्पताल पहुंचे। अब बदलते मौसम में भी लगभग यही स्थिति बनी हुई है। डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम जैसे संक्रामक रोग के शिकार भी लोग ही रहे हैं। इसके अलावा, फेफड़ों में इन्फेक्शन, लीवर इन्फेक्शन के मरीजों की भीड़ अस्पताल में देखने को मिल रही है।लगभग 50 मरीज हर दिन हो रहे भर्तीअस्पताल प्रबंधन के मुताबिक पिछले एक सप्ताह के दौरान मेडिसिन विभाग की ओपीडी में औसत 600 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से 50 से 60 मरीज प्रतिदिन भर्ती भी हो रहे है। हालांकि भर्ती मरीज इलाज से जल्दी वीक हो जाते हैं तो सामान्य कार्ड में बिस्तर भी खाली हो जाता है। इसलिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं होती जबकि आइसीयू में गंभीर मरीजों को ठीक होने में समय लगता है, इसलिए यहां बिस्तर जल्दी खाली नहीं हो पाते। नया गंभीर मरीज आ गया तो फिर दिक्कत हो जाती है। सुबह-रात हो रही ठंड, दोपहर हल्की गर्मी भले ही जिले में बारिश ठहर गई है। इधर, सुबह और रात के वक्त हल्की ठंड होने लगी है। जबकि दोपहर के समय कुछ गर्मी का अहसास अभी हो रहा है। इस तरह के मौसम में मच्छरों का प्रभाव बढ़ा है, जो लोगों के लिए नुकसानदेह है। वहीं, सुबह-शाम ठंड और दोपहर को गर्मी होने पर भी वायरल फीवर की आशंका होती है। बहरहाल, अगले सप्ताह तक जिले में ठंड का प्रभाव बढ़ सकता है, जिससे इन मौसमी बीमारियों में कुछ अंकुश लग सकता है।

# जिले के 146459 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी

रीवा ।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ देने के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। तहसीलदार तथा पटवारी के द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन जानकारी दर्ज करके एवं सत्यापन करके यह कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र एक लाख 93 हजार 332 किसान दर्ज हैं। इनमें से तहसील हुजूर नगर में 6763, हुजूर ग्रामीण में 21824, रायपुर कर्चुलियान में 14270, गुढ़ में 16871 किसान दर्ज हैं। तहसील मनगवां में 28929, सेमरिया में 25453, त्योंथर में 29339, जवा में 25111 तथा सिरमौर तहसील में 24772 किसान दर्ज हैं। इनमें से एक लाख 46 हजार 459 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री ऑनलाइन की जा चुकी है। यह कुल किसानों का 88.28 प्रतिशत है। इनमें से तहसील हुजूर नगर में 5336, हुजूर ग्रामीण में 17418, रायपुर कर्चुलियान में 11824, गुढ़ में 13248 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो गई है। तहसील मनगवां में 21793, सेमरिया में 19432, त्योंथर में 20674, जवा में 17535 तथा सिरमौर तहसील में 19199 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो गई है। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को शेष बचे किसानों की पटवारियों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार, सर्वेयरों तथा पटवारियों द्वारा किए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री के प्रयासों की प्रतिदिन समीक्षा करें।

## सभी बीएलओ दो दिवस में वितरित गणना पत्रक संकलित करें - कलेक्टर




रीवा । जिले भर में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ चुनाव के समय जिस तरह तत्परता से कार्य करते हैं उससे भी अधिक तत्परता से कार्य करने की आवश्यकता है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए समय सारिणी और चार दिसम्बर की समय सीमा निर्धारित कर दी है। बीएलओ शेष बचे गणना पत्रक 15 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से वितरित कर दें। इसके साथ-साथ 16 नवम्बर तक भरे हुए तथा हस्ताक्षरित गणना पत्रक मतदाता से प्राप्त करें। इन्हें बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड करें। गणना पत्रक के भाग तीन की जानकारी सहयोगी दल के माध्यम से पूरी कराएं। यदि मतदाता घर में नहीं मिलता है तो परिवार के किसी भी वयस्क सदस्य से मतदाता के संबंध में गणना पत्रक संबंधी जानकारी प्राप्त करके उससे गणना पत्रक में हस्ताक्षर करा लें। मतदाता से फोटो प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है। गणना पत्रक में जो जानकारियाँ अनिवार्य हैं उन पर ध्यान केन्द्रित करें। एसडीएम तहसील कार्यालय में तकनीकी दल को तैनात करें। इनके सहयोग से गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कराएं। सुपरवाइजर इस बात पर विशेष ध्यान दें कि गणना पत्रक जिस दिन प्राप्त हो उसी दिन उसका डिजिटाइजेशन अनिवार्य रूप से हो जाए। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, नायब तहसीलदार श्रीमती विन्ध्या मिश्रा, सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, ग्राम रोजगार सहायक तथा तकनीकी दल के सदस्य उपस्थित रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाताओं को गणना पत्रक का हुआ वितरण



रीवा । निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिले के कुल 13 लाख 90 हजार 667 मतदाता हैं। इन मतदाताओं में से 14 नवम्बर को शाम 5 बजे तक 12 लाख 96 हजार 174 मतदाताओं को बीएलओ द्वारा गणना पत्रक का वितरण कर दिया गया है, जो कि कुल मतदाताओं का 93.21 प्रतिशत है। शेष मतदाताओं को 15 नवम्बर तक गणना पत्रक का वितरण कर दिया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 2 लाख 11 हजार 149, सेमरिया में 2 लाख 9 हजार 354 और विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 2 लाख 10 हजार 113 मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण कर दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र मनगवां में 2 लाख 25 हजार 585, रीवा में 2 लाख 14 हजार 537 और विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 2 लाख 25 हजार 436 मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया गया है,जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से भरे हुए तथा हस्ताक्षरित गणना पत्रक प्राप्त कर रहे हैं। इसे बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज किया जा रहा है। अब तक 18064 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। जिले में 20 नवम्बर तक सभी गणना पत्रक मतदाताओं से प्राप्त करके डिजिटाइज कर दिए जाएंगे।

गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पृथक से टेक्निकल टीम तैनात की गई है। कई मतदाता ऑनलाइन माध्यम से भी स्वयं सत्यापन करके गणना पत्रक भेज रहे हैं। बीएलओ को गणना पत्रक भरने तथा डिजिटाइज करने में सहयोग के लिए ग्राम रोजगार सहायक तथा पटवारियों को तैनात किया गया है। सभी बीएलओ दो दिवस में वितरित गणना पत्रक मतदाता से अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें जिससे तय समय सीमा में उनका डिजिटाइजेशन किया जा सके।

# ठेला व्यवसायी की हत्या पर बवाल, अस्पताल के समाने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम, आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने परिजन





रीवा। संजय गांधी अस्पताल में शुक्रवार सुबह उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब करहिया मंडी निवासी ठेला व्यवसायी अखिलेश साहू (38) की उपचार के दौरान मौत हो गई। अखिलेश को 9 नवंबर को चोरहटा थाना क्षेत्र स्थित करहिया मंडी में कथित व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते राजा सोंधिया और उसके साथियों द्वारा मारपीट किए जाने के बाद गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध समय रहते कार्रवाई नहीं की। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल चौराहे पर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन ठप हो गया और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही कई थानों का पुलिस बल, चौरहटा पुलिस और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आरती सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। एएसपी सिंह ने बताया कि परिजनों को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। एएसपी ने यह भी कहा कि विवेचना के दौरान मृतक के परिवार को धमकी देने वालों को भी जांच में शामिल किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई और विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन, जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित की जाएंगी विशेष ग्राम सभाएं

रीवा । भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इससे जुड़े कार्यक्रम 15 नवम्बर तक लगातार आयोजित किए गये। जनजातीय गौरव दिवस के क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए आदि सेवा केन्द्रों में 13 नवम्बर को पहली जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर को दूसरी जनसुनवाई तथा विशेष ग्राम सभाओं का ग्राम पंचायतों में आयोजन किया किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि जनसुनवाई तथा विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी तैनात करें। इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्वसहायता समूह के सदस्यों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करें। आदि सेवा केन्द्र में भगवान बिरसा मुण्डा एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में पुष्पांजलि सभा का आयोजन करें। ग्राम पंचायतों में 15 नवम्बर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन करके जनजातियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दें। जनजातीय परिवार के प्रतिभाशील व्यक्तियों को ग्राम सभा में सम्मानित करें। सभी ग्राम सभाओं में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रधानमंत्री के उद्बोधन तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## उप मुख्यमंत्री आज भगवान बिरसा मुण्डा जयंती महोत्सव कार्यक्रमों में होंगे शामिल

रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 15 नवम्बर को दोपहर 12 बजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुण्डा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री शुक्ल दोपहर बाद एक बजे चिरहुला कालोनी में भगवान बिरसा मुण्डा जयंती महोत्सव कार्यक्रम एवं कोल भवन का लोकार्पण करेंगे। शुक्ल रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे।

## भाजपा कार्यालय में जश्न, बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर डिप्टी सीएम ने बांटी मिठाई





रीवा। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में एनडीए गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो सौ से अधिक सीटों पर कब्ज़ा जमाकर प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं इंडिया गठबंधन केवल 35 सीटों पर सिमट गया। एनडीए की इस ऐतिहासिक जीत का उत्साह पूरे देश में देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में रीवा शहर का भाजपा कार्यालय भी सोमवार को जश्न के माहौल में डूबा रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए केंद्र और राज्य की सरकार के समर्थन में नारे लगाए मोदी सरकार जिंदाबाद,भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी रीवा स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश्वर पांडे और अन्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जीत की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर शुक्ल ने अपने हाथों से कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई और कहा कि बिहार की जनता ने विकास, स्थिरता और सुशासन के पक्ष में मतदान किया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए कार्यों पर जनता की मुहर है।

## उपार्जन की निगरानी के लिए संभागीय दल तैनातकमिश्नर ने उपार्जन की निगरानी के लिए तैनात किए अधिकारी

रीवा । शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक दिसम्बर से धान, मक्का तथा कोदो-कुटकी का उपार्जन खरीदी केन्द्रों से किया जाएगा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने उपार्जन की निगरानी के लिए तीन सदस्यीय संभागीय दल तैनात किया है। इस संबंध में कमिश्नर ने बताया कि संयुक्त आयुक्त सुदेश कुमार मालवीय को दल का नोडल अधिकारी बनाया गया है। दल में संयुक्त संचालक कृषि मनोज कश्यप को सहायक नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक कृषि डॉ सुरेश पटेल को सहायक बनाया गया है। दल संभाग के सभी जिलों में उपार्जन के समय खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन की मॉनीटरिंग करेगा। कमिश्नर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को भी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके नियमित रूप से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# मऊगंज में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन

### न्यायाधीशों ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

मऊगंजः



विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन 9 नवंबर से 14 नवंबर तक किया जा रहा है सप्ताहभर चलने वाले इस कार्यक्रम में विधिक जागरूकता से जुड़ी अनेक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक 14 नवंबर को "न्याय यात्रा—प्रत्येक कदम विधि जागरूकता की ओर" के तहत हेलमेट जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया।रैली को मऊगंज न्यायालय परिसर से प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जय सिंह सरौते, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी वरिष्ठ खंड मोहम्मद साजिद, तथा न्यायाधीश महादेव पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह पूरा कार्यक्रम हाई कोर्ट जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने, सभी वाहन दस्तावेज पूर्ण रखने, तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। विशेष रूप से ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा, और वाहन के वैध कागजात साथ रखने के महत्व पर जोर दिया गया।हेलमेट जागरूकता रैली में न्यायालय के कर्मचारी, अधिवक्ता तथा विधिक सेवा समिति के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि जीवन सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।इस आयोजन के जरिए न्यायालय एवं विधिक सेवा समिति ने समाज में सड़क सुरक्षा और विधिक जागरूकता को लेकर सकारात्मक संदेश देने का सफल प्रयास किया।

# नईगढ़ी में 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान



मऊगंज। नईगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेला कमोद में पुलिस विभाग द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बच्चों से संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा, अधिकारों एवं वैधानिक प्रावधानों के बारे में जानकारी देना तथा बाल संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का लक्ष्य गुमशुदा एवं लापता बच्चों को खोजकर सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुँचाना है।

साथ ही स्कूल के बच्चों को अजनबियों से दूरी बनाए रखने, किसी भी तरह के शोषण, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने तथा आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया।अधिकारियों ने बच्चों को 'चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 'महिला हेल्पलाइन 1090' एवं 'डायल 112 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुँचाने की अपील की गई।विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की और कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। पुलिस द्वारा चलाया गया यह जन जागरूकता अभियान बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने एवं उनके सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।